पत्र संख्या–12/निजी–71004/2023.................../सा0प्र0

बिहार सरकार

सामान्य प्रशासन विभाग

प्रेषक,

राजीव रंजन दास,
सरकार के अवर सचिव।

सेवा में,

महालेखाकार (ले0 एवं ह0),
बिहार, पटना।
प्रभारी पदाधिकारी,
वित्त (वै०दा०नि०को०) विभाग,
बिहार, पटना।

पटना–15, दिनांक–..................../2026

विषयः– **श्री विवेक कुमार, सेवानिवृत्त बि0प्र0से0, को0क्र0–209/23, तत्कालीन जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, मधुबनी के प्रभार रहित अवधि के विनियमन के संबंध में।**

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि ग्रामीण विकास विभाग, बिहार, पटना की अधिसूचना संख्या–10047, दिनांक–31.12.2003 के द्वारा श्री विवेक कुमार, सेवानिवृत्त बि0प्र0से0, को0क्र0–209/2023 को प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, रोहतास के पद पर पदस्थापित किया गया।

2. भोजपुर सामाहरणालय के आदेश ज्ञापांक–475, दिनांक–25.05.2004 में उल्लेख किया गया है कि श्री कुमार अपना प्रभार श्री कुमार रामानुज, अंचलाधिकारी, चरपोखरी को सौंप कर दिनांक–29.05.2004 तक अपने अधिसूचित पद से विरमित हो जायें अन्यथा दिनांक–29.05.2004 से श्री कुमार स्वतः विरमित समझे जायेंगे। परन्तु श्री कुमार द्वारा दिनांक–31.05.2004 के अपराह्न में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, चरपोखरी का प्रभार श्री कुमार रामानुज को सौंपा गया एवं दिनांक–10.08.2004 के पूर्वाह्न में नव अधिसूचित पद प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, रोहतास के पद पर योगदान समर्पित किया गया। प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, रोहतास के पद पर श्री सुरेन्द्र झा के पूर्व से पदस्थापित होने के कारण श्री कुमार द्वारा दिनांक–18.08.2004 को प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, रोहतास का प्रभार ग्रहण किया गया।

3. इस प्रकार श्री विवेक कुमार, सेवानिवृत्त बि0प्र0से0, को0क्र0–209/23 दिनांक–01.06.2004 से दिनांक–17.08.2004 तक बिना प्रभार के रहे।

08.2026

4. अतएव श्री विवेक कुमार, सेवानिवृत्त बि0प्र0से0, को0क्र0—209/23, तत्कालीन जिला भू—अर्जन पदाधिकारी, मधुबनी का दिनांक—01.06.2004 से दिनांक—17.08.2004 तक की प्रभार रहित अवधि का विनियमन निम्नरूप में किया जाता है:—

(i) दि0—01.06.2004 से दि0—09.08.2004 तक—देय उपार्जित छुट्टी के रूप में,

(ii) दि0—10.08.2004 से दि0—17.08.2004 तक—पद ग्रहणकाल विस्तार के रूप में।

5. श्री कुमार को उक्त अवधि का कोटि वेतन देय होगा।

6. विनियमन के निर्णय में आंतरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति प्राप्त है।

विश्वासभाजन,

ह0/—
(राजीव रंजन दास)
सरकार के उप सचिव।

ज्ञापांक—12/निजी—71004/2023 सा0प्र0—8301/पटना, दिनांक—12.5./2026

प्रतिलिपि:—जिला पदाधिकारी, मधुबनी/श्री विवेक कुमार, सेवानिवृत्त बि0प्र0से0, को0क्र0—209/23, तत्कालीन जिला भू—अर्जन पदाधिकारी, मधुबनी, फ्लैट न०—301, तिरूपति इन्कलेव अपार्टमेंट, पुनाईचक, पटना—800023/प्रशाखा पदाधिकारी (प्रशाखा—14), सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना/आई0 टी0 मैनेजर, सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना (विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

08.05.2026

सरकार के उप सचिव।